Title: Demand to declare Delhi as a heritage city .

श्री विजय गोयल (चांदनी चौक) : अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी ने लालकिले की प्राचीर से घोाणा की कि टूरिज्म के ऊपर नेशनल पॉलिसी बनाई जायेगी। मैं कहना चाहता हूं कि पूरे वर्ल्ड से दिल्ली में हजारों पर्यटक हर साल आते हैं। ये पर्यटक मेरी कांस्टीट्वेंसी चांदनी चौक के लाल किला, जामा मस्जिद और दिल्ली के पुराने शहर को देखने आते हैं, उन पर क्या इम्प्रैशन पड़ता होगा। चांदनी चौक में हवेलियां सैकड़ों की तादाद में हैं, जो कि ध्वस्त हो रही हैं, उनमें अवैध निर्माण हो रहे हैं। मैं यह चाहता हूं कि इन हवेलियों के रख-रखाव के लिए, स्मारकों के रख-रखाव के लिए सरकार पुरानी दिल्ली को हैरीटेज सिटी डिक्लेयर करे और उसके लिए पर्याप्त मात्रा में धन जुटाये। â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बार-बार ऐसा मत करिये। बैठ जाइये।

श्री विजय गोयल : अन्त में, मैं यह कहना चाहता हूं कि चांदनी चौक वह कांस्टीट्वेंसी है, जिसमें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन है, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन है, आई.एस.बी.टी. है, लाल किला है, टाउन हॉल है और जामा मस्जिद है। इस सिटी को अगर आप हैरीटेज सिटी डिक्लेयर करेंगे तो मैं समझता हूं कि देश-विदेश से जो हजारों पर्यटक आते हैं, उनके ऊपर अच्छा इम्प्रैशन पड़ेगा। इसके लिए स्पेशल फण्ड दिया जाना चाहिए। मैं समझता हूं कि सदन मेज थपथपाकर मेरी बात का स्वागत करेगा।